(तीन) 1979-80 :

हिन्दुस्तान टैलीप्रिंटर्स लिमिटेड अपने उत्पादन में विविधता लाने के उद्देश्य से भारत में कम्प्यूटर पेरिफेरियल्स बनाने के प्रश्न पर विचार कर रहा है। हिन्दुस्तान टैलीप्रिंटर्स लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबन्धक निदेशक कम्प्यूटर मैन्टेनेन्स कारपोरेशन के परियोजना प्रबन्धक और हिन्दुस्तान टैलीप्रिंटर्स के उप-प्रबन्धक (पेरिफेरियल्स) को मिलाकर बने एक प्रतिनिधिमंडल ने जून 1979 में संयुक्त राज्य अमेरिका का दौरा किया तथा वहां नीचे लिखी कम्पनियों के प्रतिनिधियों से बातचीत की :—

1. मैसर्स कन्ट्रोल डाटा कारपोरेशन संयुक्त राज्य अमेरिका
2. मैसर्स डाटा प्रोडक्ट्स, संयुक्त राज्य अमेरिका
3. मैसर्स सुगार्ट एसोसिऐट्स, संयुक्त राज्य अमेरिका
4. मैसर्स मैमोरेक्स कारपोरेशन, संयुक्त राज्य अमेरिका
5. मैसर्स कालाकाम्प, संयुक्त राज्य अमेरिका, तथा
6. मैसर्स डाटा 100 कारपोरेशन, संयुक्त राज्य अमेरिका ।

इन चर्चाओं के आधार पर हिन्दुस्तान टैलीप्रिंटर्स लिमिटेड, भारत में लाइन प्रिंटर्स और फ्लोप्पी डिस्क ड्राइब्स जैसे कम्प्यूटर के पेरिफेरियल्स बनाने के कारखाने स्थापित करने के प्रस्ताव बना रहा है ।

Vocational Training for Women in Distress

118. SHRI M. V. CHANDRASHEKARA MURTHY: Will the Minister of EDUCATION AND SOCIAL WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a scheme to set up vocational training centres with provisions for residence for women in distress and their children which was drawn by the Ministry has been introduced;

(b) if not, what are the main reasons for the delay;

(c) what are its main features; and

(d) when the scheme is likely to be introduced?

THE MINISTER OF EDUCATION AND SOCIAL WELFARE (SHRI S. B. CHAVAN): (a) Yes, Sir.

(b) Does not arise.

(c) It is a Centally Sponsored Scheme under which assistance is given to recognised voluntary organisations to set up centres for training and rehabilitation of women in need in the age group of 18—50 years, in different vocations—Training course is normally upto six months' duration and each batch consists of 20 to 40 trainees. Assistance includes cost of trainers, raw materials, machinery and stipends for trainees, rent of building. Rehabilitation grant Rs. 500/- per trainee at the end of the course is also given. Ten per cent cost of the training centre is borne by the voluntary organisation and the rest is given as grant by the Central and State Governments equally.

(d) The scheme is already under implementation since 1977-78.

टैलीफोन उपकरणों का निर्यात

119. श्री हीरालाल आर० परमार : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जनवरी से अक्टूबर, 1980 की अवधि के दौरान इंडियन टैलीफोन्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा, देशवार, कितनी मात्रा में और कितने मूल्य के टैलीफोन उपकरणों का निर्यात किया गया ; और

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान किए गए निर्यात की तुलना में यह कितना न्यूनाधिक है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कार्तिक उरांव) : (क) इंडियन टैलीफोन इण्डस्ट्रीज लिमिटेड ने जनवरी से अक्टबर, 1980 की अवधि में कुल 109.85 लाख रु० की लागत के विभिन्न प्रकार के दूरसंचार उपस्करों का निर्यात किया । इसमें टेलीफोन उपकरण, एक्सचैन्ज उपस्कर, पारेषण उपस्कर, और अतिरिक्त पुर्जे शामिल हैं । इस अवधि मे किये निर्यात का देशानुसार खुलासा संलग्न विवरण में दिया है ।

(ख) पिछले तीन वर्षो में इसी अवधि में किए निर्यात का कुल मूल्य नीचे दिया है :—

अवधि	निर्यात का मूल्य (लाख रुपयों में)
जनवरी—अक्टूबर, 1977	215.66
जनवरी—अक्टूबर, 1978	165.82
जनवरी—अक्टूबर, 1979	75.80

निर्यात में आई गिरावट का मुख्य कारण यह है कि सलाहकार सेवाओं के निर्यात आदेश प्राप्त करने का काम अब, संचार मंत्रालय के अधीन, एक अन्य सरकारी क्षेत्र का नया उपक्रम-टैलिकम्यूनिकेशन्स कन्सलटैन्ट्स (इन्डिया) लिमिटेड कर रहा है ।

विवरण

इंडियन टैलीफोन इण्डस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा जनवरी-अक्टूबर, 1980 के दौरान विभिन्न देशों को किए गए निर्यात का खुलासा

देश का नाम	निर्यात का मूल्य (रुपयों में)
1. अफगानिस्तान	1,14,400
2. आस्ट्रेलिया	1,000
3. बंगलादेश	9,100
4. भूटान	5,97,300
5. बर्मा	18,300
6. ग्रीस (यूनान)	300
7. जोर्डन	46,79,300
8. मलेशिया	7,700
9. नेपाल	57,300
10. नाइंजेरिया	20,99,500
11. साउदी अरब	2,44,800
12. श्री लंका	24,58,600
13. सुरीं	2,30,000
14. तंजानिया	1,14,500
15. यमन अरब गण राज्य	13,400
16. भारत* विश्व बैंक तथा पश्चिम जर्मनी में (जमा धन)	3,39,900
कुल मूल्य	1,09,85,400

*इण्डियन टेलीफोन इण्डस्ट्रीज ने विदेशी मुद्रा अर्जित की ।